# एनसीसी 15 हरियाणा बटालियन जींद के कैडेटों का 10 दिवसीय एनसीसी कैम्प नरवाना में शुरू

एनसीसी 15 हरियाणा बटालियन जींद के कैडेटों का 10 दिवसीय एनसीसी कैम्प मितासो कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नरवाना में शुरू हुआ। यह कैम्प आगामी 30 सितम्बर तक चलेगा जिसमें कैम्प में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से आए कैडेट भाग ले रहे हैं। इसमें राजकीय महाविद्यालय जींद के 87 एनसीसी कैडेट भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

इस कैम्प में कैडेट्स के साथ लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा एवं डॉ. ज्योति लडवाल (CTO) भी उपस्थित हैं और कैडेट्स का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

प्रत्येक दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन ड्रिल से की जाती है। सभी कैडेट अनुशासन, तालमेल एवं शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करते हैं।

आज प्रातःकालीन सभा में कैम्प कमांडेंट द्वारा सभी कैडेटों का स्वागत कर सम्बोधित करते हुए पीआई स्टाफ ने कैडेटों को मानचिन्ह की परिभाषा, प्रकार, पारंपरिक चिन्ह, जमीनी क्राफ्ट एवं युद्ध क्राफ्ट के विषय में जानकारी दी। एएनओ/सीटीओ द्वारा कैडेटों को एनसीसी, उसके उद्देश्य, संरचना एवं एनसीसी कैडेट्स के कर्तव्यों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया।

शाम के सत्र में इंटर कम्पनी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें पोस्टर मेकिंग और टग ऑफ वार (रस्साकशी) शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से कैडेटों ने नेतृत्व क्षमता एवं टीम वर्क के महत्व को समझा और आत्मसात किया।

इस कैम्प का उद्देश्य युवा कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक दक्षता और राष्ट्रभक्ति की भावना को विकसित करना है।










Green
City
Sector 2






M BAL VATIKA
SCHOOL

